Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-02-2006

Participants : Yadav Dr. Karan Singh

>

Title : Need to procure mustard at the support price by Central and State Government Agency.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : सभापति महोदय, राजस्थान के सरसों उत्पादक क्षेत्र अलवर, भरतपुर, कोटा और गंगानगर की मंडियों में नई सरसों की आवक शुरू हो गई है। खेद की बात है कि समर्थन मूल्य घोाित किये जाने के बावजूद सरसों की सरकारी खरीद अभी शुरू नहीं हुई है। इस वर्ा अत्यधिक सर्दी और ठंड की वजह से वैसे भी किसानों को 25 से 50 प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा है। अब जब अगेती फसल लेकर किसान मंडियों में पहुंचते हैं तो सरकारी खरीद न होने के कारण उनको अपनी फसल औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है।

राजस्थान की राज्य सरकार भी इस मामले में शान्त बैठी है। अतः मेरी केन्द्रीय कृाि मंत्री जी से प्रार्थना है कि वे केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की एजेंसियों, एफ.सी.आई., नाफेड और तिलम् संघ आदि के माध्यम से राज्य में शीघ्रातिशीघ्र सरसों की सरकारी खरीद प्रारम्भ करायें।